पेज थ्री देहरादून

देहरादून रविवार 2 अगस्त 2020

पेज 8

हमारा दून



सीएम मोहन सिंह चौहान की जीवनी ''समाज का समाज को'' का विमोचन करते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### विहिप के प्रदेश अध्यक्ष रविदेव आनंद को अयोध्या के लिए रवाना

**संवाददाता** देहरादून। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल के द्वारा देहरादून नगरी के सभी सिद्ध पीठो व पुरातन देवालयो से एकत्र की गई मिट्टी को केन्द्रीय मंत्री व उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद रविदेव आनन्द के निवास स्थान धर्मपुर से उन्हें अयोध्या के लिये रवाना किया गया। इस अवसर पर जय श्रीराम और मंदिर निर्माण के जयघोषो के साथ माल्यार्पण कर उन्हें रवाना किया। वह देहरादून से हरिद्वार होकर आमंत्रित सभी प्रसिद्ध संतो के साथ अयोध्या की और चलेंगें।

### महान स्वतन्त्रता सैनानी शिक्षा विद व समाज सुधारक थे तिलकः जोशी

**संवाददाता** देहरादून। बाल गंगा धर तिलक की पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता महेश जोशी ने उनके राष्ट्र की स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बाल गंगा धर तिलक महान स्वतंत्रता सैनानी शिक्षा विद ,पत्रकारव समाज सुधारक चिंतक थे के रूप में अपनी पहचान बनाई इसी वजह से उन्हें लोकमान्य की उपाधि दी गई उनका स्वतन्त्रता आंदोलन में महत्त्वपूर्ण योगदान था।

### आप के नेताओ ने उत्तीर्ण बालिकाओं को दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष व लाल कुआं विधानसभा प्रभारी दीपक पांडेय ,समाजसेवी सुरेश जोशी,मीडिया प्रभारी प्रकाश गोस्वामी,बूथ अध्यक्ष कपिल दानू ,बूथ अध्यक्ष देवेंद्र कार्की ने पत्रकार रिम्पी बिष्ट के निवास पर जाकर उनकी बेटी नेहा बिष्ट को बधाई दी और नेहा बिष्ट ने उत्तराखंड की मेरिट लिष्ट में 14 वां स्थान व जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वह भविष्य में आईएस अधिकारी बनना चाहती है। उन्होंने बताया कि बिन्दुखत्ता रावत नगर की हिमानी मेहता के निवास पर जाकर बधाई दी हिमानी ने 12वीं की परीक्षा में मैरिट लिस्ट में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया व प्रदेश में 13 व जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया।

### मोबाइल और टैबलेट मुहैया करवाने की आड़ में बड़ी धांधली की पृष्ठिभूमि तैयार'

**संवाददाता** 'देहरादून।' उत्तराखंड में आशा कार्यकर्ताओं को मोबाइल और टैबलेट मुहैया करवाने की आड़ में बड़ी धांधली की पृष्ठिभूमि तैयार की गई है। इससे उत्तराखंड सरकार को बड़ी चपत लगने जा रही है। स्थिति यह है कि जिस फीचर के मोबाइल फोन को खरीदने के लिए भारत सरकार ने दिशानिर्देश दिए हैं, उसे उत्तराखंड के अधिकारियों ने दरकिनार कर महंगे और ज्यादा फीचर वाले मोबाइल फोन खरीदने के लिए टैंडर निकाला है।

# विपक्षी विधायकों के साथ राज्य सरकार कर रही भेदभाव

**आरोप**

■ महाराज,श्याम जाजू व बंशीधर भगत प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही करे सीएम

■ धारचूला में आई प्राकृतिक आपदा में राहत व बचाव कार्यों में बरती जा रही लापरवाही

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की प्रदेश सरकार राज्य में कोरोना वायरस कोविड 19 उल्लंघन के मामले में जिस प्रकार का भेदभाव कर रही है उससे ऐसा प्रतीत होता है जैसे डब्लूएचओ ने कोविड 19 प्रोटोकॉल सत्ताधारी भाजपा नेताओं के लिए अलग व विपक्षी कांग्रेसी नेताओं के लिए अलग निर्धारित किये हुए हैं। विपक्षी विधायकों के साथ राज्य सरकार भेदभाव कर रही है।

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कोविड 19 प्रोटोकॉल उल्लंघन मामले में एक तरफ तो सारे ऐतिहात बरतने के बावजूद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह , पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व मंत्री तिलक राज बेहड व खुद उनके विरुद्ध आपदा प्रबंधन कानून के तहत मुकद्दमें कर दिए गए और दूसरी ओर सोशल डिस्टेंसिन्ग की व कोविड 19 प्रोटोकॉल के तहत क्वारंटीन,मॉस्क लगाने जैसे नियमों की खुले आम धज्जियां उड़ाने पर न तो भाजपा अध्यक्ष बंशीधर भगत व कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और ना ही भाजपा प्रदेश प्रभारी श्याम जाजू के विरुद्ध कोई मुकद्दमा किया गया न कोई कार्यवाही की गई।



धस्माना ने कहा कि राज्य सरकार की इस पूर्वाग्रह ग्रसित राजनीति से प्रदेश में बदले की भावना से विपक्षियों पर कार्यवाही करने की नई परंपरा स्थापित हो रही है जो शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से राज्य सरकार विपक्षी विधायकों के क्षेत्रों में विकास कार्य करवाने व आपदा से निपटने में कार्यवाही करने में भेदभाव कर रही है।

धस्माना ने धारचूला में आई प्राकृतिक आपदा में राहत व बचाव कार्यों में बरती जा रही लापरवाही का उदाहरण देते हुए कहा कि हालात इतने खराब हैं कि विधायक हरीश धामी को आपदा में सहायता के लिए अपनी विधायकी छोड़ने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखना पड़ रहा है।

धस्माना ने कहा कि अगर सरकार निष्पक्ष है तो तत्काल सतपाल महाराज,श्याम जाजू व बंशीधर भगत प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही करते हुए उनके विरुद्ध मुकद्दमे कायम करे। उन्होंने सरकार से पिथौरागढ़ व धारचूला समेत राज्य के तमाम आपदा ग्रस्त इलाकों में राहत कार्य युद्ध स्तर पर करने की मांग की है।

# सैनिकों के लिए रक्षा मंत्री को भेंट की उत्तराखंड की राखियां

**रक्षाबंधन**

■ राखियों का धागा सैनिकों के लिए रक्षा कवच का काम करेगाः राजनाथ सिंह

देहरादून। **संवाददाता**

शनिवार को एक सादे समारोह में उत्तराखंड युद्ध स्मारक शौर्य स्थल के अध्यक्ष तरूण विजय ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उत्तराखंड के विभिन्न विद्यालयों ( आर्यन स्कूल मुख्यत:) के बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित राखियां लदाख एवं अन्य सीमावर्ती मोर्चों पर तैनात वीर सैनिकों हेतु प्रदान कीं। यह राखियां सेना द्वारा मोर्चों पर तैनात सैनिक भाइयों तक 02 अगस्त तक पहुँच जाएंगी।



तरुण विजय ने कहा कि प्रतिवर्ष वे देश के विभिन्न क्षेत्रों से राखियां एकत्र कर सैनिकों तक पहुंचती हैं। इस कार्य में तमिलनाडु के स्वयंसेवकों व थिरूवल्लुवर के अनुयायियों द्वारा भी सहायता दी जाती है हालाँकि तमिलनाडु में राखी का त्यौहार नहीं होता है. इस वर्ष कोरोना के कारण संख्या कुछ काम रही।

तेरह हजार राखियां तमिलनाडु से, पांच हजार उत्तराखंड से, आठ हजार दिल्ली सेवा भारती की बहनों द्वारा राखियां बना कर राजनाथ सिंह को दी गयी। रक्षा मंत्री ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह राखियों का धागा सैनिकों के लिए रक्षा कवच का काम करेगा। इन बहनों का स्नेह हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ाएगा। यह स्नेह और शक्ति के धागे उनके लिए बहन की ओर से शत्रु परास्त करने तथा स्वस्थ सुरक्षित घर लौटने का आशीर्वाद है।






### सीएम ने किया मोहन सिंह चौहान की जीवनी ''समाज का समाज को'' का विमोचन

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में ठाकुर रवि सिंह नेगी द्वारा ठाकुर मोहन सिंह चौहान पर लिखी जीवनी ''समाज का समाज को'' का विमोचन किया। इस पुस्तक में उन्होंने ठाकुर मोहन सिंह चौहान द्वारा एक समाजसेवी के रूप में किये गये कार्यों के बारे में जानकारी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज सेवी ठाकुर मोहन सिंह चौहान ऐसा व्यक्तित्व, जिसने समाज हित के लिए अपना तन–मन व धन सब कुछ अर्पित कर दिया है। उम्र के आठ दशक पार करने के बावजूद भी उनकी समाज सेवा के भाव में कोई कमी नहीं आयी है। उन्होंने समाज सेवा का कार्य सरकारी सेवा से निवृत्त होने के बाद आरम्भ किया और उसमें बड़ा मुकाम हासिल किया है। उनकी कर्मठता एवं समाज के लिए कुछ करने की चाह ने यह साबित कर दिया है कि यदि मनुष्य में गहरी लगन व दृढ इच्छाशक्ति हो तो समाज सेवा हेतु उम्र या सामाजिक बाधायें आड़े नहीं आ सकती है। यह पूरे समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी है। ऐसा व्यक्तित्व निश्चित रूप से समाज को नई दिशा देने के साथ ही समाज को प्रेरणा प्रदान करने में मददगार होते हैं। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह पुण्डीर, यशवंत सिंह पुण्डीर, आदि उपस्थित थे।

### कोरोना योद्धाओं के लिए राखी बनाने का अभियान शुरू

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर की विद्यार्थी परिषद की छात्रा कार्यकर्ताओं द्वारा घर पर आत्मनिर्भर भारत का संदेश देते हुए कोरोना योद्धाओं के लिए स्वयं घरों में स्वदेशी राखी बनाने का अभियान शुरू किया गया है। इस अवसर पर इस अभियान में छात्र संघ अध्यक्ष मनीषा राणा व अन्य छात्राओं का कहना है कि इस रक्षाबंधन उन सभी वीरों का आभार रूपी बंधने बांधेंगें जो इस कठिन समय में निःस्वार्थ भाव से हमारी रक्षा में अनेकों रूपों में लगे हुए है। छात्राओं का कहना है कि आज के परिवेश में स्वदेशी को अपनायें जाने पर जोर दिया जा रहा है जो एक सराहनीय पहल है और सभी छात्रायें मिलजुल कर इस कार्य में पूर्ण रूप से सहयोग कर रही है।

इस अवसर पर अभियान में छात्र संघ अध्यक्ष मनीषा राणा, विभाग सह संयोजक हिमाखी कन्नौजिया,, गढवाल छात्रा प्रमुख तान्या वालिया, चीनू चौहान, पारूल, अंजलि, रश्मि, वैष्णवी गुप्ता सहित अन्य छात्रायें इस अभियान में लगी है।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।